हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 अगस्त 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 विद्यालय की तर्ज पर महाविद्यालयों में दीक्षा...

12 भाजपा की हर घर तिरंगा यात्रा को स्थानीय लोगों का...


श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### बागोडार में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**कांकेर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सेजेस बागोडार के विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्काउट, जूनियर रेडक्रॉस एवं भाजपा ग्रामीण मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में हर घर तिरंगा की रैली निकालकर नारा लगाते हुए ग्रामवासियों को देश-भक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा के प्रति सम्मान के लिए जागरूक किया गया और साथ ही लोगों को अपने घरों में सम्मानपूर्वक तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कवड़े, मंडल अध्यक्ष कमलेश उसेंडी, नारायण पोटाई, द्वारिका प्रसाद साहू, ईश्वर कवड़े, उत्तम जैन, सुरेश जैन, गोकुल पटेल, एवं हरिशंकर साहू, प्राचार्य दीपक कुमार रायस्त एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**पर्व : तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारी व नागरिक**

# तिरंगे की आन-बान व शान को बुलंद रखना हम सबकी जिम्मेदारी : विधायक आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के आव्हान पर स्वतंत्रता दिवस के पूर्व

- राष्ट्रध्वज तिरंगा लेकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जयघोष करती निकली यात्रा

विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन कांकेर नगर में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक तथा गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। इसमें सम्मिलित लोगों ने हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा लेकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जयघोष के साथ यात्रा निकाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि राष्ट्रध्वज तिरंगा देश की आन, बान व शान है और इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हम सबकी यानी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नरहरदेव शासकीय उमावि के सांस्कृतिक मंच में तिरंगा यात्रा के प्रारंभ के पहले आमजन को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि देश की सीमा पर चौबीसों घण्टे मुस्तैदी से डंटे जांबाज सैनिकों का मनोबल इसी तिरंगा से बढ़ता है। सरहद पर रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों की बलिदानी को कभी ▶▶ शेष पेज 10 पर



### तिरंगा के साथ निकली बाइक रैली

सभा के उपरांत अतिथियों एवं जवानों ने बाईक रैली के तहत हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा लेकर नरहरदेव स्कूल से निकलकर शहर के नगर घड़ी चौक, ऊपर-नीचे रोड होते हुए मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैण्ड, ज्ञानी चौक से बरदेभाठा मार्ग होते हुए पंडरीपानी चौक, सेन चौक से गुजरते हुए वापिस नरहरदेव स्कूल परिसर में पहुंचकर बाइक रैली का समापन किया। इस दौरान इसमें सम्मिलित सभी जनप्रतिनिधियों, पूर्व सैनिकों, विद्यार्थियों, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों ने भारत की जय, जयहिन्द तथा तिरंगा अमर रहे का जयघोष भी किया।



### संबलपुर में तिरंगा यात्रा निकाली

**भानुप्रतापपुर।** धर्मनगरी संबलपुर में हाई स्कूल प्रांगण से हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रैली निकाल कर किया गया। रैली गांव के विभिन्न वार्डो से होकर वापस हाई स्कूल प्रांगण पहुंची। ग्राम पंचायत संबलपुर के द्वारा सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया एवं अपने-अपने घरों के आसपास साफ सफाई करने को कहा गया और साथ ही यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में संबलपुर के गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस रैली में ग्राम पंचायत संबलपुर की सरपंच एवं भाजपा मंडल के मंत्री अनिता रावटे, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिकेश खापर्डे, अनीष मिश्रा, संबलपुर पंचायत के सचिव बरन सिंह आंचला, वार्ड पंच रमेश ठाकुर, मदन पुजारी व स्वच्छता कचरा अभियान की सभी महिलाएं उपस्थिति रही।

### अधिकारियों में यह रहे शामिल

आयोजित तिरंगा यात्रा में आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे, एएसपी दिनेश सिन्हा, एसडीओपी मोहसिन खान, एसडीएम अरूण वर्मा, डीएमओ आशुतोष कोसरिया, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, डीपीएम रवि मिश्रा, इरीगेशन के कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मेश्राम, पीडब्ल्यूडी ईई केके सरल, पीएचई के कार्यपालन अभियंता बीएन भोयर, सहायक आयुक्त जया मनु, खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधियों में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद हितेंद्र खटवानी, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, पार्षद सलीम मेमन, पार्षद मीरा सलाम, पार्षद उगेश्वरी उइके, पार्षद चित्ररेखा जैन, पार्षद शकुंतला जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा नेताओं में दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, राजीव लोचन सिंह, हीरा मरकाम,देवेंद्र भाऊ, भूपेंद्र नाग, टिकेश्वर जैन, संजय सिन्हा, दीपक खटवानी, गिरधर यादव, राकेश शर्मा, घनेंद्र ठाकुर, नीलू तिवारी, शैलेंद्र शोरी, योगेश साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का अवसर सौभाग्य से मिलता है : पं. अविनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

वेदी पूजन व नगर में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ ही बुधवार से सप्त दिवस संगीतमय श्रीमद भागवत कथा श्री राधाकृष्ण मंदिर में प्रारंभ हुआ। व्यासपीठ पर भागवताचार्य पंडित अविनाश महाराज के श्रीमुख से कथा का वाचन किया गया। पहले दिवस में श्री भागवत महात्मय, गोकर्ण कथा विस्तारपूर्वक बताई गई।

मंदिर परिसर में लगातार छठवी बार भागवत कथा का आयोजन किया गया है। हम सभी के लिए यह सौभाग्य की बात है कि श्री कृष्णराधा मंदिर में बैठकर उन्ही के श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने



का अवसर मिल रहा है। पंडित अविनाश ने बताया कि भगवान कि कथा के महिमा को बखान करने को ही महात्म्य कहा जाता है। भगवान की कथा को श्रवण कैसे करना चाहिए उनका जीवन मे क्या लाभ है । श्रीमद्भागवत कथा पूरा ग्रथ है जिसमे 18000 श्लोक है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण का सौभाग्य भी उन्हें मिलता है जिन पर गोविंद की कृपा होती है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से जीव जीवन मरण के बंधन से मुक्त होकर प्रभु के धाम चले जाते है। वर्तमान में कोई भी प्राणी सुखी नही है कोई तन तो कोई मन से दुखी है। सुखी वही है ईश्वर के भक्ति में लीन है। कथा में सुत जी महाराज कथा बताई गई। ग्रन्थ में धन, बल व उम्र से कोई बढ़ा नही होता है, वास्तव में ज्ञानी होता है वही बढ़ा व श्रेष्ठ बताया गया। शिक्षा से ही संस्कार प्राप्त होती है। 88 हजार ऋषयो ने सुत जी महाराज से पूछा कि श्री कृष्ण के प्राप्ति ▶▶ शेष पेज 10 पर

## दंपति से शिवनगर में मारपीट तीन युवक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शिवनगर में मोहल्ले के तीन युवक ने अन्य युवक के साथ मारपीट किया। पीड़ित युवक को बचाने के लिए उसकी पत्नी आई तो आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने तीनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे शिवनगर कांकेर निवासी करन पटेल पिता होरीलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 11 अगस्त को दोपहर लगभग 3 बजे अपने घर के सामने था। इसी समय शिवनगर निवासी विश्वजीत गोलदार, रोशन गोलदार एवं झूमा गोलदार के द्वारा लेन देन की बात को



लेकर मेरे साथ झगड़ा करने लगे। तीनों युवकों के द्वारा गाली देते हुए ईट व लोटे से मेरे सिर पर जोरदार हमला कर दिया औरजान से मारने की धमकी भी दिया। आरोपियों द्वारा मारपीट करने से मेरे सिर पर गंभीर चोट आई है, उसी समय मेरी पत्नी तोमिन पटेल बीच बचाव करने आई। झूमा गोलदार के द्वारा मेरी पत्नी के साथ भी झगड़ा व मारपीट किया गया। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने के कारण मेरे जान को ▶▶ शेष पेज 10 पर

## राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास, कल ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय मुख्य समारोह नरहरदेव

- ध्वजारोहण, मार्चपास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया समयबद्ध प्रदर्शन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए 13 अगस्त को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया, जहां मुख्य अतिथि बने अपर कलेक्टर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर सलामी दी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 13 अगस्त की सुबह ठीक 09 बजे से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास प्रारंभ हुआ, जिसमें समारोह के मुख्य अतिथि बने अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे का मुख्य समारोह स्थल पर आगमन हुआ। तत्पश्चात मुख्य मंच पर पहुंचकर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा जिप्सी पर सवार होकर परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहन में एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसिला, कलेक्टर का प्रतिनिधित्व कर रहे जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी और एएसपी दिनेश सिन्हा भी उनके साथ मौजूद रहे। इसके बाद जिला पुलिस बल पुरूष एवं महिला, नगरसेना के जवान, बस्तर फाइटर्स, वन विभाग के वनपाल सहित एनएसएस, एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स की कुल 11 टोलियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया तथा मुख्य अतिथि बने अपर कलेक्टर ने दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत अश्वारोहियों के दल ने मैदान पर घुड़सवारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पश्चात 1200 स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी का एक लय में प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात केन्द्रीय विद्यालय कांकेर, शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय गोविन्दपुर, शहीद रामकुमार कन्या विद्यालय कांकेर, शासकीय कन्या आश्रम सिंगारभाट, नरहरदेव ▶▶ शेष पेज 10 पर



### कांकेर सांसद करेंगे 15 अगस्त को ध्वजारोहण

उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय समारोह में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग के द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा, जिसके सभी प्रायोजित कार्यक्रमों का आज मिनट टू मिनट अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों और नागरिकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दलों को भी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा।

### विभिन्न ग्रामों में दीवार लेखन कर दिया स्वच्छता का संदेश




**कांकेर।** भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जाताबाड़ा में दीवार लेखन के माध्यम से जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें ग्रामीणों को हर घर में तिरंगा फहराने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता बीएन भोयर ने बताया कि कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंडरीपानी में भी दीवार लेखन कर स्वच्छता का संदेश प्रचारित किया गया। इस दौरान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन के साथ आजादी का अमृत महोत्सव की भावना को प्रदर्शित किया गया।

### रेत खनन जारी, खतरा बढ़ा, कार्रवाई की मांग

**सरोना।** जिले के सरोना महानदी पुल के नीचे से खुलेआम अवैध रेत खनन का खेल जारी है। प्रतिदिन 15 से 20 ट्रैक्टर रेत भरकर बिना किसी रोक-टोक के निकाले जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दिनदहाड़े नदी के तट और तल से ट्रैक्टरों के जरिए रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इस अवैध गतिविधि से न केवल नदी की संरचना और पारिस्थितिकी पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस अवैध खनन पर रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और नदी तट की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



**संतान की लंबी आयु के लिए माताएं रखेंगी व्रत और कथा सुनकर करेंगी परायण**

# हलषष्ठी और कमरछठ व्रत आज, महिलाएं सामूहिक पूजा-अर्चना की तैयारी में जुटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- सगरी खोदकर उसे कांसी फूल से सजाएंगे, लाई, महुआ, चुकिया का चढ़ेगा प्रसाद

छत्तीसगढ़ में मनाया जाने वाला पारंपरिक पर्व कमरछठ (जिसे हलछठ या हलषष्ठी भी कहा जाता है) एक गहन धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है। यह त्यौहार विशेष रूप से मातृत्व, कृषि संस्कृति, और संतान की दीर्घायु के लिए समर्पित है। इस पर्व में महिलाएं निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं, ताकि उनके बच्चों को लंबी आयु और जीवन में सुख-समृद्धि मिले। इस बार यह पर्व आज 14 अगस्त को मनाया जाएगा, जिसमें उपयोग में आने वाली सामग्रियों को बेचने के लिए गाँव के लोगों ने शहर में दुकानें सजाए हुए नजर आएं। बिहार एवं उत्तर प्रदेश में जिस तरह संतान की लंबी आयु के लिए महिलाओं द्वारा सूर्य आराधना का महापर्व छठ पूजा की जाती है, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी संतानों की लंबी आयु के लिए माताओं द्वारा कमरछठ का व्रत रखा जाता है। जगह-जगह व्रतियों के समूह ने पूजा अनुष्ठान कर अपना व्रत पूरा किया। कमरछठ छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों में से एक है, इसे हलछठ या हलषष्ठी भी कहा जाता है। इस व्रत को करने वाली माताएं निर्जला रहकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं, साथ ही सगरी (मिट्टी का कुआं) बनाकर सारी रस्में निभाई जाती है। इसके बाद कमरछठ की कहानी सुनकर शाम को डूबते सूर्य को अर्ध देने के बाद अपना व्रत खोलती हैं। छत्तीसगढ़ में संतान की लंबी उम्र के लिए माताएं कमरछठ व्रत रखती हैं। कमर छठ के दिन छह तरह की भाजियां, पसहर चावल (जहां हल ना चला हो), काशी के फूल, महुआ के पत्ते, धान की लाई, भैंस ▶▶ शेष पेज 10 पर



### हलषष्ठी का माहात्म्यम

हल छठ यानी ललही छठ का त्योहार भगवान बलराम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। शास्त्रों में भगवान भगवान कृष्ण के भाई भगवान बलराम को हल और खेती का देवता माना गया है, इसलिए इस दिन कृषि संस्कृति, मातृत्व और संरक्षण का विशेष रूप से सम्मान किया जाता है। इस दिन स्त्रियां संतान सुख के लिए उपवास रखती हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### गणेश सेठिया बने नानगुर मंडल अध्यक्ष



**जगदलपुर।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नानगुर फूलसिंह बघेल बैठक की गई । सर्वसम्मति से नानगुर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी गणेश सेठिया को सौंपी गई वही कवाली से सेक्टर अध्यक्ष शरद नागेश एवं नेतानार सेक्टर अध्यक्ष रायधर नाग को नियुक्त किया गया ।

इस दौरान नीलूराम बघेल, हरिहर सेठिया, विजय ध्रुव, राजेश कश्यप, विनोद सेठिया, आशाराम नाग, बालसिंह नाग, महादेव नाग, सोहन सोनी, धंनसाय कश्यप, धंनसिंह बघेल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर होगा मटका फोड़

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम मोरठपाल में कृष्ण जन्माष्टमी के पर मटका फोड़ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी एवं रूपरेखा को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में हनुमान मंदिर,मोरठपाल परिसर में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में कैलाश ठाकुर, धनपति बाज, अंतोराम पुजारी, सीबो कश्यप, सुभाष देवांगन , शेखर देवांगन,आसमान भारती, विकास मुरला, पदमनाथ कश्यप सहित प्रखंड एवं खंड के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ली स्वच्छता शपथ निकाली तिरंगा रैली

**जगदलपुर।** जिले के जनपद लोहंडीगुड़ा में बुधवार को किशोरी बालिकाओं के बीच स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए, साथ ही उन्होंने स्वच्छता शपथ ली। कार्यक्रम में एक भव्य तिरंगा रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें हर घर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लाभों पर चर्चा की। साथ ही स्थानीय समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए तिरंगा रैली के माध्यम से प्रतिभागियों ने पूरे लोहंडीगुड़ा जनपद में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश भी दिया।

# स्काउट्स-गाइड्स का ओवहायएमएस विषय पर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य कार्यालय के आदेश एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ओवहायएमएस प्रशिक्षण का आयोजन पीएमश्री सेजेस शाउमावि भानुप्रतापपुर में किया गया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा जिले में शासकीय एवं अशासकीय शासकीय विद्यालयों में संचालित स्काउट गाइड इकाइयों का स्कूलों में सफल संचालन के लिए जिला संघ कांकेर के जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के मार्गदर्शन में सभी स्काउटर गाइडर का ओवहायएमएस का प्रशिक्षण राज्य मुख्यालय के दिलीप पटेल राज्य समन्वयक के द्वारा विकासखंड अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, कोयलीबेडा के विभिन्न संस्थाओं से आए स्काउटर गाइडर को अपने संस्थाओं का पंजीयन कैसे करें, दल अथवा यूनिट का पंजीयन और स्काउट गाइड रोवर रेंजर छात्र छात्राओं का पंजीयन व ओवहायएमएस में पंजीयन कैसे किया जाना है इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया ताकि सभी संस्थाओं का पंजीयन पोर्टल पर किया जा सके, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी पदेन, सहायक जिला आयुक्त सदेसिंह कोमरे, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य पीएमश्री सेजेस पीआर भारद्वाज, खण्ड स्त्रोत समन्वय राधेलाल नुरेटी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर के उपस्थित में आयोजित किया गया। सहायक जिला आयुक्त सदेसिंह कोमरे ने स्काउट और गाइड विशेषता बताते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए एक शैक्षिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य आत्म-अनुशासन, समाज सेवा और देशभक्ति के मूल्यों को विकसित करना है।

सभी स्कूलों में स्काउट गाइड की गतिविधियां संचालित किया जाना है एवं पंजीयन किया जाना है। राधे लाल नुरेटी ने कहा कि स्काउट गाइड से युवाओं का चरित्र निर्माण के साथ युवाओं को एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षित करना है एवं सभी संस्थाओं के प्रत्येक बच्चों को स्काउट-गाइड से जोड़ा जाना है। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी ने कहा कि स्काउट गाइड विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिकता के गुणों को विकसित करता है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला संगठन आयुक्त किरण ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप कुमार सेन, विकास खण्ड के पदाधिकारी एवं सभी विकास खण्डों के स्काउटर गाइडर शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थिति रहे।

# 43 छात्राओं को मिली साइकिल स्कूल आने जाने में होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शासकिय कन्या हाईस्कूल दुर्गूकोंदल एवं 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय में संयुक्त रूप से सायकल वितरण का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सविता उईके, विशेष अतिथि के रूप में शकुंतला नरेटी, विजय पटेल, तेनसिंह नरेटी के करकमलों से साईकल वितरण किया गया।

कन्या हाईस्कूल दुगूकोंदल के 38 छात्राओं एवं कन्या आवासीय विद्यालय के 5 बात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर विजय पटेल ने भाजपा सरकार द्वारा महत्त्वकांक्षी योजना सायकल वितरण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने यह योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की थी। इस योजना से प्रदेश में बालिका शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार हुआ है। सविता उईके द्वारा शासन द्वारा प्रदत्त सायकल पर प्रसंशा करते हुए सराहना किया और कहा कि सायकल मिलने पर नियमित शाला आने को प्रेरित किया गया। इस योजना से पिछले क्षेत्र के बच्चों को लाभ मिलेगा और शिक्षा गुणवत्ता में सुधार होगा। संस्कृत की प्राचार्य मनीषा सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्कूल के बच्चों को आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के द्वारा प्रारंभ की गई है, जिसे बालिका शिक्षा पर विशेष रूप से जोड़ दिया गया है, जिससे बालिकाओं की संख्या शिक्षा के स्तर पर काफी सुधार हो रही है और गुणात्मक शिक्षा का रतर देखने को मिल रहा है। छात्रों को शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश दिया गया।

हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा यात्रा निकाला गया। संगीता केकती, मीना ढीमर, वैभव तिवारी, अतिथि शिक्षक कौशल जैन, शिक्षक दयालू ठाकुर, नरेन्द्र साहू, सावित्री ठाकुर, जागेन्द्र डहरे, शैलेन्दी मरकाम, विनीता बघेल, प्रियंका बामरिया, खिलेश्वरी उयके, मनीषा गौतम धुने, हेमलता जैन एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# विकास व निर्माण कार्यों का सीईओ ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अंतर्गत विकास खंड में विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण जनपद पंचायत सीईओ सुरेन्द्र बंजारे ने किया। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से एवं कराकी में विभिन्न योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण आंगनबाड़ी भवन, गोटूल भवन, सामुदायिक भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत स्वीकृत आवासों एवं पीएमश्री स्कूल शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर के निर्देशानुसार आरसेटी द्वारा ग्राम पंचायत सुरूंगदोह में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत चल रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षण का जायजा लिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित किया गया, जिसमें सरपंच ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से बीपी टण्डन, अनुविभागीय अधिकारी आरडी ठाकुर, प्रवीण ठाकुर व अन्य उपस्थित रहें।

# जनहितैषी मुद्दों पर कांग्रेस का 19 को धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा



विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य एवं किसानों को खाद बीज जैसे ज्वलन समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कोयलीबेड़ा के रेस्ट हाउस में जनता की जनहितकारी मांगों को लेकर एक बैठक का आयोजन कर रणनीति तैयार कर ब्लॉक मुख्यालय में 19 को विशाल धरना प्रदर्शन करने रणनीति तैयार की गई। आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पिछडे क्षेत्र में स्कूल भवनों की स्थिति जर्जर हालत में है। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा एवं डॉक्टर स्टाफ की कमी, किसानों को समय में खाद बीज का अभाव से सरकार से जनता में घोर नाराजगी है। जनता से जुड़ी गंभीर मुद्दों पर सरकार एवं प्रशासन आंख मुदे बैठी है। समय आ गया है पार्टी जनता के मुद्दे को सड़क पर लड़ने आवाज बुलंद कर जनता के साथ-साथ सड़क की लड़ाई लड़ेंगे और जनता से अपील है कि धरना कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी हक में आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में विधानसभा प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई, पीसीसी सदस्य रति राम दुगा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रवण यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल, मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेमलाल उंदरे, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल दररो, कांग्रेस महामंत्री श्रवण नेताम, मंडल सचिव सतीश कौशल, किनेश कौशल, फूल सिंह उसेडी, विदेश उसेडी, संतोष सोरी, उमेश बघेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर बच्चों ने दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ बास्तानार

आजादी पर्व से पहले जन-जागरूकता के लिए ग्राम पंचायत तिरथुम से बास्तानार तक तिरंगा यात्रा निकाली। मार्ग के बीच में पड़ने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार के बच्चों ने सलामी कार्यक्रम करते हुए जनप्रतिनिधियों पर पुष्प वर्षा की तथा विद्यालय के बाहर जलपान की व्यवस्था करके आमजन का सहयोग किया। विद्यालय प्राचार्य सहित स्टाफ ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर राष्ट्र के इस पर्व को शानदार बनाने में सहभागी बने। बुधवार को हुए कार्यक्रम में विधायक, जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे ।

# छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



पखांजूर थाना क्षेत्र के दो नाबालिग सगी बहनों के साथ हुए छेड़छाड़ और दुष्कर्म के गंभीर मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी देवदास उइके को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

छेड़छाड़ और दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामले सामने आया है। पहला मामला 9 अगस्त को सामने आया, जब आरोपी 18 वर्षीय देवदास उइके एक नाबालिग लड़की को घुमाने के बहाने मोटर साइकल पर बैठाकर सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने लड़की के साथ छेड़छाड़ की कोशिश किया। लड़की के जोर से चिल्लाने पर पास में काम कर रहे दो लोगों के आ जाने से आरोपी मौके से भाग गया। इसी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते समय पीड़िता की छोटी बहन ने बताया कि करीब 2-3 महीने पहले आरोपी ने उसे भी झूठ बोलकर मोटर साइकल पर बिठाया था और एक सुनसान झाड़ी में ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने धमकी दिया था कि अगर उसने किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा, जिसके डर से पीड़िता ने यह किसी को नही बताई। पीड़िता की मां की शिकायत पर थाना पखांजुर में करने पर आरोपी के खिलाफ दो अलग-अलग मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा विशेष टीम गठीत कर आरोपी का पता तालाश कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। कांकेर पुलिस ने इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता अपराध क्रमांक 112/25 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 75 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 तथा अपराध क्रमांक 113/25 भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2), 64, 65 (2), 351 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत कार्यवाही करते हुए अरोपी को न्यायीक रिमांड पर को जेल भेज दिया गया।

## पेज 9 के शेष

### तिरंगे की आन...

भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से तिरंगा के सम्मान और गौरव को ऊपर रखते हुए राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखने का अव्हान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरतलाल मटियारा, हस्तशिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भी अपने उद्बोधन में तिरंगा यात्रा की सार्थकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए देशभक्ति के जज्बे को हमेशा जागृत रखने की बात कही। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने भी तिरंगा यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके उद्देश्य की जानकारी दी।

### श्रीमद्भागवत कथा श्रवण...

का मार्ग क्या है। कृपया हमें बताएं। जीवन का क्या है भरोसा, समय रहते अपने ईश्वर के भक्ति से जीवन को सवार लेना चाहिए। कल गुरुवार को मंगला वरुण, पारीक्षित जन्म, कुंती स्तुति एवं सुकदेव आगमन कथा बताई जाएगी।

### दंपति से शिवनगर...

खतरा हो सकता है। मारपीट के शिकार हुए युवक डरा हुआ एवं दहशत में है। पीड़ित ने आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की माँग किया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपिया विश्वजीत गोलदार, रोशन गोलदार, झूमा गोलदार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता...

शासकीय उमावि कांकेर तथा पैराडाइज विद्यालय कांकेर के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक ढंग से मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विभिन्न विभागों अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### हलषष्ठी और कमरछठ...

का दूध, दही सहित कई छोटी-बड़ी पूजन सामग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान के दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं। हल छठ को ललही छठ, हरछठ पूजा, बलराम जयन्ती, रांधण छठ, कमर छठ, चंदन छठ, पीन्नी छठ इत्यादि कई नामों से जाना जाता है। कमरछठ पर सौभाग्य योग का प्रभाव रहेगा। यह योग सूर्य देव और छठी मैया की पूजा के लिए शुभ माना जाता है और इस योग में पूजा करने से सुख, सौभाग्य में वृद्धि होती है और सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है।



# लोहण्डीगुड़ा मंडल में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के लोहण्डीगुड़ा मंडल अंतर्गत 12 अगस्त को भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने जोश एवं उत्साह के साथ तिरंगा रैली निकाली और एकता अखंडता के साथ देश के प्रति सम्मान का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में उत्साह पूर्वक तिरंगा यात्रा निकली। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पांडे, मंडल प्रभारी नरसिंह राव, मंगतू कश्यप,जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप,महामंत्री सावेंद्र सेठिया,चंद्रशेखर ठाकुर, नरेश खापर्डे,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, शिवनंदन पेगड़,धनसिह ठाकुर,डमरू भारद्वाज, ओमप्रकाश ठाकुर, विनय मौर्य,ऊके राम,अजय बघेल,मुन्ना कश्यप,जगदीश कश्यप,समल,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बालक छात्रावास अहाता निर्माण एक साल से अधूरा, लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



आदर्श प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास जामगांव में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य पिछले एक वर्ष से अधूरा पड़ा है, जिससे छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं। छात्रावास के विद्यार्थियों ने बताया कि बाउंड्री वॉल का निर्माण लंबे समय से रुका हुआ है, जिसके चलते बाहरी लोगों व जानवरों के आने-जाने पर रोक नहीं है और कई बार रात के समय अनजान लोगों की आवाजाही से डर का माहौल बन जाता है।

आदर्श प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास जामगांव में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य पिछले एक वर्ष से अधूरा पड़ा है। छात्रों का कहना है कि बाउंड्री वॉल अधूरी होने से परिसर असुरक्षित है और छोटे-छोटे बच्चों के लिए यह माहौल चिंता का विषय है। इसके अलावा छात्रावास में अतिरिक्त शौचालय की भी भारी कमी है। वर्तमान में उपलब्ध शौचालय पर्याप्त नहीं हैं, जिसके कारण सुबह-शाम लंबी कतारें लगती हैं और स्वच्छता पर भी असर पड़ता है। ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य अधूरा है, जबकि इस संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बाउंड्री वॉल का कार्य शीघ्र पूरा नहीं हुआ तो किसी अप्रिय घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। छात्रावास प्रबंधन और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरी बाउंड्री वॉल का कार्य तुरंत पूरा कराया जाए और छात्रों की सुविधा के लिए अतिरिक्त शौचालय का निर्माण जल्द किया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

# शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन में बच्चों की प्रगति पर विचार-विमर्श



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकेण्डरी में शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर अपने पीरिओडिक टेस्ट प्रोग्रेस के रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौशल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे मे छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक षिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रूचि की भी चर्चा की गई।

स्कूल प्रत्येक छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए पैराडाइज स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, मार्शल आर्ट, क्लासिकल एवं वेर्स्टन गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, बाल नैतिक शिक्षा एवं यूथ इम्पावरमेन्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है, जिससे प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिए अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें। इस शिक्षक पालक बालक सम्मेलन में सभी छात्र-छात्राओं को प्रगति की चर्चा की ताकि जिन बच्चों के एक्स्ट्रा अटेंशन, रेमिडियल क्लास एवं काउंसलिंग की आवश्यकता हो उन छात्र-छात्राओं के लिये आने वाले दिनों में एक्स्ट्रा अटेंशन और रेमिडियल कक्षाओं का आयोजन किया जा सकें। सभी बच्चों को सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को गहनता के साथ अध्ययन अध्यापन करा कर अच्छे परिणाम के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की सुदृढ़ व्यक्तित्व निर्माण को भी प्राथमिता दिया जा सकें। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित विशेष शिक्षक पालक बालक सम्मेलन में लगभग सभी पालक संतुष्ट रहें। वे अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से बहुत ही प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुए।

**खबर संक्षेप**

### स्वतंत्रता दिवस पर जगदलपुर विधायक करेंगे ध्वजारोहण



**दंतेवाड़ा।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेल मैदान में 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लिया जायेगा। इस मौके पर पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों के जवानों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जायेगा। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### सुकमा में विधायक धरमजीत सिंह करेंगे ध्वजारोहण



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के मुख्य अतिथियों की सूची जारी की है। सुकमा जिले में इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामयी आयोजन के लिए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं तखतपुर विधानसभा के विधायक धरमजीत सिंह होंगे। वे ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश वाचन करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रतिवर्ष की भांति जिला मुख्यालय सुकमा स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

### पालकों को मत्स्य बीज किया गया वितरण



**दंतेवाड़ा।** छग सरकार द्वारा मत्स्य पालकों के लिए आजीविका और अपनी आय बढ़ाने के लिए संचालित मत्स्य बीज अंगुलिक संचयन योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान में मत्स्य बीज का वितरण मत्स्य बीज प्रक्षेत्र गीदम से किया गया। जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष नन्द लाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद अध्यक्ष शकुन्तला भास्कर, जिला पंचायत सदस्य तुलेश्वरी नागेश, ममता मंडावी, कृषि सभापति गीदम मुन्ना राम कश्यप, जनपद सदस्य दंतेवाड़ा अजय तेलाम, मंडल अध्यक्षबैसु राम मंडावी एवं प्रभारी सहायक संचालक दीपक बघेल के साथ समस्त फील्ड ऑफिसर उपस्थित हुए।

### 30 हितग्राहियों को मिल रहा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा। मुख्य कार्यपालन कार्यालय से मिला जानकारी अनुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत छिंदनार में आरसेटी के माध्यम से ग्राम पंचायत के कुल 30 हितग्राहियों को राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ कराया गया हैं। राजमिस्त्री प्रशिक्षण कुल 30 दिनों का होगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत हितग्राही को प्रमाण पत्र देने के साथ अन्य योजनाओं से लाभ भी दिया जायेगा।

# जावंगा एजुकेशन सिटी के बच्चों की घुड़सवारी रहेगा मुख्य आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की फाइनल तैयारियां का आज कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने संयुक्त रूप से मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल का अवलोकन किया।

रिहर्सल के दौरान परेड, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने परेड में भाग ले रहे पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड और छात्र-छात्राओं की तैयारी की सराहना करते हुए





अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का समारोह गरिमामय और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उल्लेखनीय है कि जिले के हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जावंगा एजुकेशन सिटी के बच्चों की घुड़सवारी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुति और स्थानीय लोकनृत्य शामिल होंगे, जिन्हें आज फाइनल रूप से तय किया गया। कार्यक्रमों में स्थानीय संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को भी प्रमुखता दी जाएगी।

इस मौके पर डीआईजी कमलोचन कश्यप, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी रामकुमार बर्मन सहित अन्य अधिकारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रभारी शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 231 बटालियन ने तिरंगा बाईक रैली निकाली

# जवानों ने तिरंगा लहराते नागरिकों का अभिवादन कर लगाए देशभक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

आज़ादी के 78 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत, 231 बटालियन केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल सीआरपीएफ द्वारा गीदम में भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया।

- माहौल देशभक्ति के उत्साह और राष्ट्रीय एकता से सराबोर रहा




इस रैली का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना का प्रसार करना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करना था। यह रैली हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई, जो भारत सरकार की एक पहल है। इसका मक़सद प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज को गर्व और सम्मान के साथ प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह रैली स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि भी थी।

रैली का शुभारंभ वाहिनी कमाण्डेन्ट सुनील भवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर तिरंगा बाईक रैली का नेतृत्व सौरभ राय द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. सुबर्ता मण्डल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजय कुमार पुनिया उप कमा, प्रताप कुमार बेहेरा उप कमा, डॉ. रवि प्रकाश सुनकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहे। तिरंगे से सजी मोटरसाइकिलों पर सवार सीआरपीएफ के जवान अनुशासित काफ़िले में वाहिनी मुख्यालय से होते हुए मुख्य बाजार, गीदम, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम तथा तत्पश्चात प्रमुख मार्ग एवं आवासीय क्षेत्रों से गुज़रे। पूरे मार्ग में जवानों ने तिरंगा लहराते हुए नागरिकों का अभिवादन किया तथा देशभक्ति, एकता और भाईचारे के नारे लगाए। सीआरपीएफ के जवान भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयघोष में शामिल हुए। इस अवसर पर माहौल देशभक्ति के उत्साह और राष्ट्रीय एकता से सराबोर रहा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में बच्चों को संबोधित करते हुए सौरभ राय द्वितीय कमान अधिकारी ने हर घर तिरंगा अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप प्रत्येक घर, परिसर, दुकानों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्र की सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सीआरपीएफ की प्रतिबद्धता दोहराई।

इसके बाद जवानों ने नागरिकों के साथ संवाद किया, राष्ट्रीय ध्वज के सही उपयोग और प्रदर्शन के संबंध में जानकारी वितरित किए और सभी से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने विचार व्यक्त किए कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह हमारे देश के इतिहास, आकांक्षाओं और उन बलिदानों का प्रतीक है जो इसकी रक्षा के लिए दिए गए हैं।

# तिरंगे के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब

## निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा/तोकापाल



आज बास्तानार मण्डल में पूरे जोश, उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मण्डल स्तरीय तिरंगा यात्रा रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में राष्ट्रध्वज तिरंगे का सम्मान करते हुए क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं ने एकता, अखंडता और देशप्रेम का अद्भुत परिचय दिया। इस गौरवशाली यात्रा में विशेष रूप से चित्रकोट विधायक विनायक गोयल शामिल हुए। उनके नेतृत्व और प्रेरणादायक उपस्थिति ने रैली में एक नया जोश भर दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे देश की अस्मिता, स्वाभिमान और बलिदान की पहचान है। हमें इसके सम्मान की रक्षा सदैव करनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नारायण ठाकुर एवं जनपद सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। सभी ने रैली में बढ़चढ़ कर भाग लिया और भारत माता के जयकारों से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। रैली में बास्तानार मण्डल के समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, युवाओं, महिलाओं, नागरिकों एवं गणमान्य जनों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे, देशभक्ति गीतों के साथ रैली को ऐतिहासिक बना दिया। यह आयोजन हर घर तिरंगा अभियान को भी मजबूती प्रदान करता है, जो आम जनमानस को राष्ट्र के प्रति गर्व और उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ता है।

# अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि बने अपर कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

स्वतंत्रता दिवस का अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम मुख्य समारोह स्थल बीजापुर के मिनी स्टेडियम में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव की मौजूदगी में आयोजित हुआ। अंतिम रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुऐ।

अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे सम्पन्न हुआ, जिसमें सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, महिला एवं पुरूष के जिला पुलिस बल, नगर सेना सहित एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास स्काऊट गाईड के टुकड़ियों ने परेड को सलामी दी। अंतिम रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि का आगमन, मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन, गुब्बारा, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, शहीद जवानों के परिवारों का सम्मान, परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण सहित सम्पूर्ण गतिविधि की गई। इस अवसर पर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

### 15 अगस्त को सांसद महेश कश्यप करेंगे ध्वजारोहण

जिले में स्वतंत्रता दिवस की गरिमामय आयोजन हेतु तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। 15 अगस्त को मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कार्यक्रम की समस्त तैयारियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने हाई स्कूल मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर मौजूद अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए समारोह की रूपरेखा और आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंच, पंडाल, ध्वजारोहण स्थल, अतिथि दीर्घा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को दरभा ब्लॉक के कई गांवों में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। क्षेत्रवासियों के जोश, महिलाओं व बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और देशभक्ति के नारों से माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया।

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्राओं का स्वागत किया गया। नेगानार में मंगलवार सुबह 11 बजे नेगानार बाजार चौक से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा नेगानार, कामानार मावलीपदर के मुख्य मार्ग से होते हुए केशापुर, चिंगपाल, कोयनार, ककनार, लेंड्रा, नेगानार में संपन्न हुई। भाजपा पदाधिकारी,भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया साथ ही भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा के दौरान



भाजपा कार्यकर्ताओ के हाथों में तिरंगा और देशभक्ति से सजे बैनर-पोस्टर थामे लोग पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला सदस्य सम्पति नाग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, भाजपा मंडल महामंत्री दुर्जन कश्यप, सुरेश सिंह, धर्मेंद्र ठाकुर, महादेव नाग, डलपत राय, थलेश सेठिया, पीलू राम कश्यप, दिनेश पांडे, मंगल राम बघेल, समदु राम कश्यप, विग्नेश्वर बाकडे, मेघनाथ कश्यप, सामदेव नाग एवं भाजपा जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारम्भ भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम ने नेगानार बाजार चौक से किया।

# बड़े-बड़े गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली में कुछ दिनों पहले हुई लगातार बारिश से सड़कों की हालत खराब हो गई हैं। जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं हैं। मुख्य सड़क में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और राहगीर परेशान हैं।

गड्ढों में पानी भर जाने से और भीं ख़तरनाक हों जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया हैं। दुपहिया वाहनों के टायर गड्ढों में फसने से वाहनों के टायर रिम मुड़ने का खतरा बना रहता हैं, जो किसी



बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता हैं। वैसे तो जिले में सड़को का जाल बिछाने का दावा किया जा रहा हैं।

गांव-गांव से बचेली तक आवागमन के लिए सड़के बनाई जा रही हैं। परन्तु मुख्य सड़क का हाल बेहाल हैं। देखरेख के अभाव के चलते सड़के जर्जर हों रही हैं। ये सड़के जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर, आये दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। सड़कों में विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि और बड़े सरकारी अधिकारी भी यात्रा करते है पर पद में आने के बाद वे भी अपना वादा भूल जाते हैं।

आलम यह हैं की सड़क में बने गड्ढों से बचकर चलना मजबूरी बनी हैं,इसमें पानी भरने से यह हादसों को न्योता दे रहे हैं। इस सम्बन्ध में पीडब्ल्यूडी अधिकारी यात्री रॉय ने बताया की गौरवपथ बचेली के काम उनके द्वारा नहीं देखा जा रहा हैं, इस सम्बन्ध में अधिकारी प्रीत राम मण्डावी से संपर्क करें। प्रीत राम मंडावी से सम्पर्क नहीं हो पाया।

# विधायक ने छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोंहगा

बस्तर क्षेत्र में शिक्षा और छात्रों के हित में लगातार सक्रिय रहने वाले विधायक लखेश्वर बघेल ने मंगलवार को प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास लामकेर का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास की बदहाल स्थिति देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की और वहां मौजूद अधीक्षक को फटकार लगाते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए।

- शिष्यवृत्ति की जानकारी से अनभिज्ञ छात्राएं, अधीक्षक निशाने पर

निरीक्षण में सबसे पहले विधायक का ध्यान छात्रावास के स्वच्छता व्यवस्था पर गया। वहां की शौचालयों के दरवाजे टूटे-फूटे पाए गए, जिससे छात्र निजता और स्वच्छता के अधिकार से वंचित हैं। स्नानघर की हालत भी कुछ बेहतर नहीं थी, चारों ओर गंदगी फैली हुई थी और साफ-सफाई के कोई स्पष्ट इंतजाम नहीं दिखे। विधायक ने साफ कहा कि बच्चों को पढ़ने और रहने के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल देना राज्य की जिम्मेदारी है और यहां यह पूरी



तरह नदारद है। कई छात्राएं शिष्यवृत्ति योजना के बारे में अनभिज्ञ थीं। जब विधायक ने अधीक्षक से इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से किसी सांवलिया नाम के व्यक्ति का नाम लिया, जिससे मामले में और भ्रम उत्पन्न हुआ। विधायक ने इस बात पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि छात्राओं को ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी न देना प्रशासनिक लापरवाही का संकेत है। छात्रावास में विद्युत व्यवस्था की हालत बेहद खराब पाई गई। बच्चों के पढ़ने-लिखने और सोने के कमरों में पर्याप्त रोशनी नहीं थी कई स्थानों पर ट्यूबलाइट लटकी हुई, स्विच बोर्ड टूटे और बल्बों की संख्या गिनी-चुनी थी। बच्चों ने बताया कि उन्हें अंधेरे में पढ़ने की मजबूरी झेलनी पड़ती है। इस पर विधायक ने अधीक्षक मंतुराम कश्यप को फटकार लगाते हुए तत्काल मरम्मत और रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। छात्रावास अधीक्षक मंतुराम कश्यप ने निरीक्षण के दौरान अपनी समस्याएं भी विधायक के सामने रखीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 और 2023 में मेंटेनेंस के लिए कोई राशि प्राप्त नहीं हुई, जिससे भवन की मरम्मत, शौचालय की साफ-सफाई, विद्युत उपकरणों की मरम्मत जैसे काम रुक गए हैं। उन्होंने कहा कि कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद सिर्फ आश्वासन मिला पर कोई सहायता नहीं।

अधीक्षक ने यह भी बताया कि छात्रावास को नाममात्र की बिजली सामग्री दी जाती है जब वे अधिक बल्ब या ट्यूबलाइट की मांग करते हैं, तो संबंधित अधिकारी देने से साफ इन्कार कर देते हैं, इससे व्यवस्था और भी जर्जर हो गई है।

**समस्याएं शासन स्तर तक पहुंचाने का वादा**

विधायक लखेश्वर बघेल ने अधीक्षक की शिकायतें गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे इन समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाएंगे और आवश्यक आर्थिक सहायता तथा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी भी छात्रावास में बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं से समझौता नहीं किया जाएगा।

### एक पेड़ मां के नाम लगाए पौधें



**दंतेवाड़ा।** जिला खनिज विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेशानुसार एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत सभी माइनिंग पट्टेदार को पौधा लगाने का लक्ष्य दिया गया था। इसी के परिप्रेक्ष्य में मेसर्स विराट मिनरल धुरली द्वारा गाय गोठान धुरली में 300 पौधे जिसने आम,सलपीं, काजू, तेज पत्ता और कई प्रकार के पौधे लगाये गये। इसी तरह सीएमडीसी एंड प्रेशियस मिनरल एंड स्मेल्टिंग जॉइंट वेंचर द्वारा अपने माइंस एरिया में लगभग 1100 पौधे लगाये गये। इसके अलावा मेसर्स टी रमेश जवांगा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज जवांगा में 250 पौधे लगाये गये है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
Email: sdm.bhanupratappur1991@gmail.com

रा.प्र.क्र./202507140500010/ अ-2/ 2024-25
ग्राम चौगेल, तहसील भानुप्रतापपुर जिला उ.ब.कांकेर

**:: उदघोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका श्री पीताम्बर राना पिता धरमसिंह राना निवासी ग्राम आमागॉव, तहसील अन्तागढ़ जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम चौगेल, तहसील भानुप्रतापपुर जिला उ. ब. कांकेर स्थित भूमि खसरा नंबर 498/24 रकबा 0.032 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/08/2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
स्थानः- भानुप्रतापपुर
दिनांकः- 07/08/2025
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापपुर,

